Raga of the Month August 2023

Raga NataMadhuri राग नट माधुरी

राग नट माधुरी यह एक नव निर्मित राग है। इस रागकी संकल्पना, रचना एवं सृजन पुणेकी सुप्रसिद्ध संगीतज्ञ विदुषी माधुरी डोंगरेजीने की है। अप्रचलित राग 'माधुरी' में नट अंग को मिश्रित करके इस रंजक राग का निर्माण किया गया है | इस राग में निषाद कोमल तथा अन्य स्वरों के शुद्ध प्रयोग के कारण इस राग को खमाज थाटके अंतर्गत मानना चाहिए | इस राग के आरोह तथा अवरोह में धैवत वर्ज्य होने से इस राग की जाती षाडव -षाडव है |

राग नट माधुरी का वादी स्वर पंचम तथा संवादी स्वर षड़ज है | समय रात्रि का दूसरा प्रहर है | इस राग के अवरोह में न्यास स्वर है गंधार तथा रिषभ | इस राग में 'ग म प नि सां नि प म ग ,रे ग म प रे सा' यह रागवाचक स्वर समूह है | आरोहमें 'रे ग ग म 'यह नटअंगकी स्वरसंगती तथा अवरोहमें प रे सा, प म ग रे सा, प म ग म,ग रे ग, रे सा रे ऐसे स्वर लेने की गुंजाईश है |इस राग का आरोह अवरोह निम्न प्रकारसे होगा।

आरोह –सारे रेग गम प, ग प नि सां ।

अवरोह - सां नि प म ग ,रे ग म प,म ग रे सा ।

प्रमुख स्वरवाक्य- सा रे रे ग ग म प, ग प नि नि प म ग, रे ग म प म प ग म रे ऩिसा| सा सा रे ग म प म ग, ग प नि नि सां सां, रें गं मं पं मं गं रें सां , नि सां नि प म ग, रे ग रे ग म प म ग रे सा |

आजके ऑडियोमें हम विदुषी माधुरी डोंगरेजी रचित विलम्बित और द्रुत रचनाका अंश सुनेंगे, जो सुप्रसिद्ध गायिका डॉक्टर रेवा नातूजीने गाया है।

इस रागका पूर्ण सादरीकरण; जिसमे एक तराने का समावेश है; * यू ट्यूबके "नाद माधुरी" चॅनेलपर उपलब्ध है।

* https://www.youtube.com/watch?v=BGQjqWWwH88

इसी रागका हार्मोनियमपर डॉक्टर चैतन्य कुंटेजीने किया हुआ सादरीकरण ** यू ट्यूबके "नाद माधुरी" चॅनेलपर उपलब्ध है।

** https://youtu.be/9J3tNL71wMo

आभार : विदुषी माधुरी डोंगरे, डॉक्टर रेवा नातू।

१-८-२०२३

Link to the list of 150+ Raga of the month articles - @ Archive of ROTM Articles

- http://oceanofragas.com/Raga_Of_Month_Alphabetically.aspx